दिन—मंगलवार दिनांक— 30 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

01. केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा— विकसित भारत—जी राम जी योजना मनरेगा की कमियों और अनियमितताओं को दूर करेगी।

02. शिक्षक भर्ती परीक्षा के चौथे चरण की प्रक्रिया जनवरी महीने से शुरू होगी। लगभग पच्चीस हजार रिक्तियों के लिए प्रकाशित किया जायेगा विज्ञापन।

03. पूर्व रेलवे के जसीडीह—झाझा रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन आज तीसरे दिन भी बाधित। परिचालन सामान्य करने के लिए युद्धस्तर पर काम जारी।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अंतर कम होने से दिन में भी हो रहा है कनकनी का एहसास।

————————————————————

केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि विकसित भारत—जी राम जी योजना मनरेगा की कमियों और अनियमितताओं को दूर करेगी। उत्तराखंड के गौचर में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री चौहान ने कहा कि मनरेगा में सौ दिनों का रोजगार दिया जाता था। नए कानून में इसे बढ़ाकर एक सौ पच्चीस दिन कर दिया गया है।

———बाईट———

मनरेगा में कई तरह की कमियां थीं, कई तरह की विसंगतियां थीं, कई जगह पर भ्रष्टाचार की प्रयाय वह योजना बन गई थी और इसलिए मनरेगा की जगह विकसित भारत जी—राम—जी योजना मोदी जी ने बनाई है। बेरोजगारी भत्ते की पुख्ता व्यवस्था और अगर मजदूरी समय पर नहीं मिली, देर से मिली तो लम्बित मजदूरी के लिए ब्याज की तरह अलग से राशि देने की व्यवस्था भी हमने कर दी है।

————————————————————

शिक्षा मंत्री सुनील कुमार ने कहा है कि शिक्षक भर्ती परीक्षा के चौथे चरण की प्रक्रिया जनवरी महीने से शुरू हो जायेगी। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री कुमार ने कहा कि बीस जनवरी से पहले बीपीएससी को रिक्तियों का प्रस्ताव भेजा जाएगा। उन्होंने बताया कि इस चरण के तहत लगभग पच्चीस हजार रिक्तियों के लिए विज्ञापन प्रकाशित किया जायेगा। इसके लिए पन्द्रह जनवरी तक अधियाचना भेजी जायेगी।

———बाईट———

श्री कुमार ने कहा कि शिक्षक भर्ती के अलावा उच्च विद्यालयों में पांच हजार पांच सौ पुस्तकालय अध्यक्षों की भी नियुक्ति का प्रस्ताव है। इसकी रिक्ति भेजने से

पहले संबंधित विषय की शिक्षक पात्रता परीक्षा ली जायेगी। शिक्षा मंत्री ने बताया कि विशेष विद्यालय अध्यापक के सात हजार दो सौ उनासी पदों पर नियुक्ति के लिए रिक्ति भेजी जा चुकी है।

——————————————————————

वर्ष दो हजार पच्चीस में प्रदेश में अब तक तीन अपराधियों की सम्पत्ति जब्त की गयी है। अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था पंकज कुमार दराद ने बताया कि कुल एक हजार चार सौ इक्कीस अपराधियों की सम्पत्ति जब्त करने के लिए चिन्हित किया गया है।

———बाईट———

श्री दराद ने बताया कि राज्य के सीमावर्ती जिलों गयाजी, पूर्णिया, दरभंगा और पूर्वी चम्पारण में राज्य पुलिस के आतंकवाद निरोधक दस्ता, एटीएस के चार नये क्षेत्रीय कार्यालय खुलेंगे। पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने इस संबंध में गृह विभाग को प्रस्ताव भेज दिया है।

——————————————————————

दरभंगा सदर थाना को देशभर में पांचवां स्थान प्राप्त हुआ है। केन्द्रीय गृह मंत्रालय की रैंकिंग ऑफ पुलिस स्टेशन दो हजार पच्चीस की जारी वार्षिक रिपोर्ट में देश के अठारह हजार से अधिक थानों में दरभंगा सदर थाने का यह उपलब्धि हासिल हुई है। वहीं, राज्यवार चयनित चौहत्तर पुलिस थानों की सूची में दरभंगा सदर थाना, दरभंगा का अलीनगर थाना और नालंदा का थरथरी थाना शामिल है।

——————————————————————

आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता आधारित स्कैन एंड शेयर सेवा के माध्यम से ओपीडी पंजीकरण में बिहार देश में पहले स्थान पर है। स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडये ने बताया कि इस सुविधा से अब तक पांच करोड़ से अधिक मरीज लाभांवित हुये हैं।

——————————————————————

पूर्व रेलवे के जसीडीह–झाझा रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन आज तीसरे दिन भी बाधित है। डाउन लाईन को दुरूस्त कर लिया गया है जबकि अप लाईन पर परिचालन बहाल करने के लिए युद्धस्तर पर काम जारी है। आसनसोल रेल मंडल के जनसम्पर्क पदाधिकारी बिपला बौउरी ने बताया कि दो सौ रेल कर्मियों और तकनीकी विशेषज्ञों की टीम दिन–रात काम में जुटी हुई है। उन्होंने बताया कि मालगाड़ी के गिरे हुये डिब्बे को हटाने का काम पूरा हो गया है, अब ट्रैक की मरम्मति का काम चल रहा है। गौरतलब है कि सत्ताईस दिसम्बर की रात लाहबन और सीतारामपुर स्टेशन के बीच एक मालगाड़ी के दुर्घटनाग्रस्त होने से दिल्ली–हावड़ा मुख्य मार्ग पर ट्रेनों का परिचालन

प्रभावित हो गया है। इधर, दुर्घटना के कारणों की जांच के लिए पांच सदस्यीय टीम का गठन किया गया है।

————————————————————

सर्द पछुआ हवा के प्रभाव से राज्य के अधिकांश हिस्सों में भीषण शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस का मामूली अंतर रह गया है, जिसके चलते लोगों को दिन में भी कनकनी का एहसास हो रहा है। वहीं, उत्तर–पश्चिम भागों में कई स्थानों पर घने कोहरे की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि इकतीस दिसम्बर तक प्रदेश के अधिकतर भागों में शीत दिवस की स्थिति बनी रहेगी। साथ ही इस अवधि में घना कोहरा छाये रहने की भी संभावना है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान अररिया का फारबिसगंज राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान आठ दशमलव चार डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

————————————————————

भारत की विकास यात्रा में वर्ष दो हजार पच्चीस एक निर्णायक कालखंड है। इस वर्ष कल्याणकारी नीतियों ने प्रगति को जन्म दिया और मजबूत इरादों ने सार्थक परिणाम दिए। विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में आज प्रस्तुत है दो हजार पच्चीस में सांस्कृतिक क्षेत्र में भारत की प्रगति पर एक रिपोर्ट

———रिपोर्ट———

————————————————————

ग्रामीण विकास मंत्री और जदयू विधायक श्रवण कुमार विधानसभा में सत्तारूढ दल के मुख्य सचेतक होंगे। भाजपा के विनोद नारायण झा को उप मुख्य सचेतक बनाया गया है। इसके अलावा आठ सचेतक बनाये गये हैं। संसदीय कार्य विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

————————————————————

बिहार लोक सेवा आयोग ने सहायक शिक्षा विकास पदाधिकारी के लिए तीन चरणों में होने वाली परीक्षा को अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दिया है। आयोग ने कहा है कि परीक्षा की नई तिथियों की घोषणा जल्द की जायेगी।

————————————————————

हिमाचल प्रदेश के ऊना के गगरेट औद्योगिक क्षेत्र में कबाड़ उठाने के समय एक क्रेन के पलट जाने से बिहार के दो श्रमिकों की मौत हो गयी। मृतकों की पहचान पश्चिम चम्पारण जिला निवासी शम्भू मुशर और रोहतास जिला निवासी मुन्ना कुमार के रूप में हुई है।

——————————————————————

खगड़िया जिले के मानसी थाना क्षेत्र अन्तर्गत एनएच इकतीस पर एक अनियंत्रित वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार दो युवकों की मौत हो गयी। वहीं, पूर्णिया जिले के बनमनखी थाना क्षेत्र अन्तर्गत महाराजजी गांव के पास दो मोटरसाईकिल के बीच आमने–सामने की टक्कर में एक युवक की मौत हो गयी जबकि दो अन्य घायल हो गये।

——————————————————————

मुम्बई के एक आभूषण दुकान से दो करोड़ बासठ लाख रूपये मूल्य के जेवरात की लूट के मामले में बिहार एसटीएफ और मुम्बई क्राईम ब्रांच की टीम ने मुजफ्फरपुर के बेला औद्योगिक क्षेत्र से दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। दोनों उत्तर प्रदेश के हैं।

——————————————————————

गोपालगंज नगर थाना क्षेत्र के अरार गांव में पुलिस ने छापेमारी कर कुख्यात चोर शरीफ आलम के घर से अष्ट धातु की दो मूर्तियां बरामद की हैं। मौके से हथियार समेत कई आपत्तिजनक सामान बरामद किये गये है। पुलिस ने शरीफ आलम की माँ और पत्नी को गिरफ्तार कर लिया है।

——————————————————————

पटना के चित्रगुप्तनगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के छह सदस्यों को एक सौ बीस किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया है।

——————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिंदुस्तान की सुर्खी है– चतुर्थ चरण की शिक्षक भर्ती प्रक्रिया जनवरी से।

दैनिक जागरण ने लिखा है– हावड़ा–दिल्ली रेल मार्ग पर दूसरे दिन भी परिचालन ठप।

प्रभात खबर की सुर्खी है– अरावली सेंगर सब पर सुप्रीम रोक।

दैनिक भास्कर लिखता है– कजरा से चमकेगा बिहार, दो करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली।

राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने जमशेदपुर में संथाली गीत गाया।

आज अखबार लिखता है– सेल्स टैक्स डिपार्टमेंट का चपरासी पचहत्तर हजार रुपए घूस लेते धराया।

———————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केन्द्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा– विकसित भारत–जी राम जी योजना मनरेगा की कमियों और अनियमितताओं को दूर करेगी।

02. शिक्षक भर्ती परीक्षा के चौथे चरण की प्रक्रिया जनवरी महीने से शुरू होगी। लगभग पच्चीस हजार रिक्तियों के लिए प्रकाशित किया जायेगा विज्ञापन।

03. पूर्व रेलवे के जसीडीह–झाझा रेलखंड पर ट्रेनों का परिचालन आज तीसरे दिन भी बाधित। परिचालन सामान्य करने के लिए युद्धस्तर पर काम जारी।

04. और, पूरा प्रदेश कड़ाके की ठंड की चपेट में। अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अंतर कम होने से दिन में भी हो रहा है कनकनी का एहसास।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।